साप्ताहिक न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

## महत्वपूर्ण एवं खास

## दंतेवाड़ा के कम्पोजिट भवन में 40 कार्यालयों की सुविधा

**रायपुर, (आरएनएस)।** लोक निर्माण विभाग द्वारा दक्षिण बस्तर (दंतेवाड़ा) के जिला मुख्यालय में 21 करोड़ रूपए की लागत राशि से कंपोजिट भवन का निर्माण गत वर्ष पूर्ण कर लिया गया है। इस भवन में 40 कार्यालयों की सुविधा उपलब्ध है। इसके भू-तल में दस कार्यालय, प्रथम तल में 14 कार्यालय और द्वितीय तल में 16 कार्यालय स्थित हैं। इसके अलावा संयुक्त जिला कार्यालय भवन के तृतीय तल में सेमीनार हॉल, नियंत्रण कक्ष और व्हीआईपी रूम का निर्माण भी किया गया है।

## मोबाइल पर परेशान करने की रिपोर्ट दर्ज

**कोरबा (आरएनएस)।** शहर के एक अधेड़ को मोबाइल फोन पर परेशान करने वाले एक युवक के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार बांकीमोंगरा थाना अंतर्गत बांकी कालोनी निवासी मो. जावेद 50 पिता मोहम्मद हनीस ने शिकायत की है कि उसे महाराष्ट्र निवासी फिरोज अंसारी पिता नूर मोहम्मद अंसारी बार-बार मोबाइल पर परेशान कर रहा है। मना करने के बाद भी वह ऐसा करना बंद नहीं कर रहा है, जिससे परेशान हो चुका है। जावेद की रिपोर्ट पर पुलिस ने फिरोज अंसारी के खिलाफ धारा 509 ख के तहत कार्रवाई की है।

## छग, भगत की कोठी सहित कई ट्रेनें लेट

**रायपुर, (आरएनएस)।** छग एक्सप्रेस भगत की कोठी गोंदिया बिलासपुर गोंदिया झारसुगड़ा एवं लोकल ट्रेनों सहित कई ट्रेनें आज एक से डेढ़ घंटे ओएचई तार टूटने के कारण विलंब से रायपुर पहुंची । ज्ञातव्य है कि लोकल ट्रेनों के दैनिक यात्री एक्सप्रेस एवं लंबी दूरी की गाड़ियों में आये दिन सफर करते है जिसके चलते ट्रेनें विलंब से अपने गंतव्य स्टेशनों पर पहुंची है। भीषण गर्मी का दौर शुरू हो चुका है। ऐसी स्थिति में ग्रीष्म अवकाश में जाने वाले परिवारों खासकर छोटे बच्चों के साथ यात्रा करने वाली महिला यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रीष्म अवकाश को देखते हुये लंबी दूरी की गाड़ियों को निर्धारित समय में स्टेशन पहुंचने के संबंध में डीआरएम रायपुर से रोज यात्रा करने वाली स्वाति साहू ने अधिक से अधिक समर स्पेशल ट्रेनें चलाने का आग्रह किया है।

## महिला से मारपीट, मामला दर्ज

**रायपुर,(आरएनएस)।** आमापारा बाजार सुलभ के पास एक युवक ने महिला से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया श्रीमति ज्योति ढीमर पति स्व. ईश्वरी ढीमर 28 वर्ष आमापारा की रहने वाली है। बताया जाता है ।

# मनरेगा बना आधार : सशक्त हुआ दिव्यांग पंचू का परिवार

***आवास, शौचालय,शेड और कुंआ से बदली जिन्दगी***

**रायपुर, (आरएनएस)।** शासन की अलग-अलग योजनाओं में बेहतर ताल-मेल के जरिए किस तरह लोगों को सशक्त बनाकर उनके जीवन में खुशहाली, उमंग और उत्साह भरा जा सकता है। इसका जीता-जागता उदाहरण देखा जा सकता है ग्राम कल्याणपुर में निवासरत दिव्यांग पंचू के परिवार में। यह कहानी है एक मेहनतकश पंचू राम और उसके परिवार की। पंचू और उसके परिवार के लोगों ने राज्य और केन्द्र शासन की विभिन्न योजनाओं का न केवल लाभ उठाया बल्कि लगातार कोशिश और अपनी मेहनत के बल पर अपने जीवन स्तर को सुधारने में सफलता पायी है। पंचू राम और उसके परिवार को प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना तथा स्वच्छ भारत मिशन परिवार को जहां सशक्त बनाया, वहीं बेहतर आजीविका के साधन जुटाने में सहायक सिद्ध रहा है। कबीरधाम जिले के विकासखण्ड सहसपुर लोहारा के गांव कल्याणपुर में रहने वाले दिव्यांग पंचू ने बताया कि परिवार के पास पहले रहने के लिये अपनी पक्की छत नहीं थी। वे एक टूटे-फूटे से कच्चे घर में रहते थे। यहां उनके पास न तो स्वयं के रहने लिए एक अच्छी जगह थी और न ही अपनी गाय को रखने के लिए साफ-सुथरी जगह। शौचालय भी नहीं होने के कारण उनकी पत्नी को असहज परिस्थितियों का सामना करना पड़ता था। हालात ऐसे थे कि जीवन-यापन का आधार केवल रोजी-मजदूरी करना ही था। इन हालातों के बीच पंचू राम ने जैसे-तैसे अपने परिवार का जीवन-यापन तो कर रहे थे, लेकिन प्रतिष्ठापूर्ण जीवन-यापन केवल एक सपना ही था। पंचू की तमाम कोशिश भी आर्थिक तंगी के कारण असफल होती जा रही थी। ऐसे में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना(मनरेगा), स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) और प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्रामीण(पी. एम. ए. वाय.) ये तीनों ही योजनाएं इस परिवार के लिए वरदान बनी।



## चारों तरफ गंदगी का अंबार, स्मार्ट सिटी का बुरा हाल

***मामला पाश इलाके सिविल लाइन्स एवं टर्निंग पाईंट का***

**रायपुर, (आरएनएस)।** देश भर के स्मार्ट शहरों की सूची में शामिल स्मार्ट सिटी रायपुर पर केन्द्रीय शहरी एवं विकास मंत्रालय द्वारा लाखों रूपय खर्च किया जा रहा है। बावजूद इसके स्वच्छ रायपुर सुंदर रायपुर का हराभरा सपना कब पूरा होगा यह कह पाना मुश्किल है। शहर के 70 वार्डो की हालत स्वच्छता के मामले में बेहद दयनीय है। पाश इलाकों के अंतर्गत सिविल लाइन्स रायपुर में विपणन संघ के बगल में कचरों का ढेर एवं टर्निंग पाइंट पर शंकर नगर रोड में कचरों का अंबार अधिकारियों एवं कर्मचारियों की लापरवाही को प्रमाणित करता है। रहवासियों के अनुसार पंप एण्ड शो पर लाखों रुपए खर्च कर स्मार्ट सिटी के अधिकारी लोगों के बीच यह प्रचारित कर रहे है कि मानों उन्होंने रायपुर को स्वर्ग में तब्दिल कर दिया है। जबकि वास्तविक स्थिति में एक विचार धारा विशेष के लोग रायपुर को खुलेआम बर्बाद करने पर तुले हुए है। पूर्व मुख्य अभियंता सिंचाई विभाग हरीशचन्द्र शुक्ला के अनुसार रायपुर को पुराने मास्टर प्लान पर बसाये जाने की आवश्यकता थी। जानकार लोगों की कमी के चलते स्मार्ट सिटी का वह रूप निखरकर सामने नहीं आ पा रहा है। जिसकी आम शहरी को दरकार है। तात्यापारा निवासी ए.ए. खान ने चर्चा के दौरान बताया कि केवल हैरिटेज वाक कर लोगों को शहर की संस्कृति से परिचय कराना ही काफी नहीं है। वरन् आबंटित धन का सदउपयोग किया जाना भी उतना ही जरूरी है जितना की शहर की स्वच्छता कायम करना है।

## मंडल रेल प्रबंधक ने वेट लिफ्टिंग चैम्पियनशिप में स्वर्ण एवं रजत पदक जीतने पर दी बधाई

**रायपुर, (आरएनएस)।** प्रथम मास्टर्स वेट लिफ्टींग चैम्पीयनशीप जो कि चंडीगढ में दिनांक 2 से 8 अप्रेल 2018 को आयोजित की गई थी इसमें सम्पुर्ण राज्यो से 200 खिलाडियो ने भाग लिया । इस प्रतियोगिता में छतीसगढ टीम की ओर से भाग लेते हुए दक्षिण पुर्व मध्य रेलवे खेल संघ, रायपुर के अंतर्गत कार्यरत मनीष कुमार जंघेल, कार्मिक विभाग में कार्यरत 49 से 49 वर्ष की उम्र सीमा में अपने वजन 69 किलोग्राम वर्ग समुह में स्वर्ण पदक तथा बी.राजशेखर राव, अभियांत्रिकी विभाग में कार्यरत 40 से 49 वर्ष की उम्र सीमा में अपने वजन 85 किलोग्राम वर्ग समुह में रजत पदक प्राप्त किया । इन खिलाडियो द्वारा छतीसगढ राज्य के इतिहास में प्रथम मास्टर वेटलिफ्टींग प्रतियोगिता में पदक प्राप्त करने का गौरव प्राप्त किया।

## भारतीय रेलवे के 68 मंडलों की यात्री आय वृद्धि दर में रायपुर रेल मंडल ने 23 वें स्थान पर जगह बनाई

**रायपुर, (आरएनएस)।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल ने वित्तीय वर्ष 2017-18 मे अनेक उपलब्धियां हासिल की है। रायपुर रेल मंडल ने यात्रियों की सुविधा में बढ़ोतरी के लिए अनेक सुविधाएं प्रदान की है। रायपुर रेल मंडल ने लगभग 3 करोड़ 37 लाख यात्रियों को अपने गंतव्य स्थल तक पहुंचाया है, जिससे रायपुर रेल मंडल को 462 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है, जो कि पिछले वर्ष 430 करोड़ रुपए था। इस तरह यात्री परिवहन आय से रायपुर रेल मंडल के राजस्व में 7.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो कि पिछले वर्ष 1.3 प्रतिशत थी।

## 15 करोड़ के डामरीकरण कार्य प्रगति पर

**कोरबा (आरएनएस)।** अधोसंरचना मद के अंतर्गत किए जाने वाले 19 करोड़ 78 लाख रूपये के विकास कार्यों के साथ-साथ निगम क्षेत्र की सड़कों के डामरीकरण का कार्य भी लगभग 15 करोड़ रूपये की लागत से किया जा रहा है, अधोसंरचना मद अंतर्गत किए जा रहे इन सड़क डामरीकरण कार्यों में से पौने 09 करोड़ रूपये की लागत वाले सड़क डामरीकरण कार्य प्रगति पर हैं, या पूर्ण कर लिए गए हैं, जबकि सवा 06 करोड़ रूपये की लागत वाले डामरीकरण कार्य शीघ्र प्रारंभ किए जाने हैं, इन सभी डामरीकरण कार्यों के पूर्ण हो जाने से निगम क्षेत्र की सड़कें बेहतर स्वरूप में हो जाएंगी तथा आवागमन अधिक सुविधाजनक व सुगम हो जाएगा।

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र की

खरसिया,सारंगढ़, पुसौर, तमनार,घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090




स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO.-CHHHIN16931